भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
14.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1362 का उत्तर

## नई खान-पान नीति

1362. श्री रवि किशन:
श्री रविन्दर कुशवाहा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार एक नई कैटरिंग नीति बनाने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या न्यायालयों ने वर्तमान कैटरिंग व्यवस्था के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार सभी प्रकार के बहुउद्देश्यीय स्टॉलों के लिए एक समान नीति बनाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो इसके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): भारतीय रेलों पर मौजूदा नीतियों की समीक्षा/संशोधन अथवा नई नीति तैयार करना सतत् प्रक्रिया है और इसे खानपान सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से, जब कभी आवश्यक होता है, तब किया जाता है ताकि आवश्यक और/अथवा महत्वपूर्ण मुद्दों, यात्रियों की नई प्राथमिकताओं का समाधान किया जा सके।
(ग): जी नहीं। भारतीय रेल में खानपान सेवाओं का प्रबंधन 27.02.2017 को जारी मौजूदा खानपान नीति 2017 के अनुसार किया जाता है।
(घ): जी नहीं।

*****